भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 889
जिसका उत्तर मंगलवार, दिनांक 13 अगस्त, 2013 को दिया जाना है

हिन्दुस्तान फोटोफिल्म्स, ऊटी का पुनरुद्धार

889. श्री रंगासायी रामाकृष्णा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स कब से रुग्ण तथा बंद पड़ी है;

(ख) क्या उद्योग संबंधी संसदीय स्थायी समिति तथा बोर्ड फॉर रीकंस्ट्रक्शन ऑफ पब्लिक सेक्टर एन्टरप्राइजेस द्वारा विधिवत अनुमोदित पुनरूज्जीवन प्रस्ताव सीसीईए द्वारा वापस लिया गया था;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी क्या कारण है;

(घ) क्या इस इकाई को पुनरूज्जीवित करने के लिए कोई संशोधित योजना पर विचार किया जा रहा है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क): ऊटी स्थित हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लि. को बी आई एफ आर द्वारा 23.01.1996 को रुग्ण घोषित किया जा चुका है। कंपनी अभी तक बंद नहीं हुई है।

(ख)और(ग) : हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लि. के पुनरुद्धार के लिए आर्थिक कार्यों से संबंधित मंत्रिमंडल समिति का नोट 14.07.2012 को मंत्रिमंडल सचिवालय भेजा गया था। इस पर आर्थिक कार्यों से संबंधित मंत्रिमंडल समिति ने दिनांक 23.08.2012 को हुई अपनी बैठक में चर्चा की और इसे वापस ले लिया गया। एक आकर्षक वी आर एस पैकेज दोबारा तैयार करने का निर्णय लिया गया था।

(घ)और(ड.) : भारी उद्योग विभाग आर्थिक कार्यों से संबंधित मंत्रिमंडल समिति के अनुमोदनार्थ एक वी आर एस पैकेज तैयार कर रहा है।

*****